By email

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
टेलिफैक्स+91-135-744064,2743331
Website www.surveyofindia.gov.in
ई-मेल: sgo.soi@gov.in
E-Mail
sgo.conf.soi@gov.in

भारतीय सर्वेक्षण विभाग
SURVEY OF INDIA

भारत के महासर्वेक्षक का कार्यालय
OFFICE OF THE SURVEYOR GENERAL OF INDIA
हाथीबडकला एस्टेट, डाक बक्स सं0 37,
HATHIBARKALA ESTATE, POST BOX No.37,

सं0सी- 1419 /724-एस0ओ0एस0 दिनांक:09 मार्च, 2018

सेवा में,

निदेशक,
उडीसा भू-स्थानिक आंकडा केन्द्र, भारतीय सर्वेक्षण विभाग,
भुवनेश्वर ।

विषय: <u>सहायक भण्डार अधिकारी से उप भण्डार अधिकारी ग्रुप (ग्रुप 'ए') के पद पर नियमित आधार पर पदोन्नति हेतु तैनाती ।</u>

सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित **सहायक भण्डार अधिकारी (ग्रुप 'बी')** को **उप भण्डार अधिकारी (ग्रुप 'ए')** के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 10 (पूर्व संशोधित वेतन बैण्ड-03 रु0 15,600-39,100 + रू05400) में नियमित आधार पर पदोन्नति पर तैनाती के आदेश दिये जाते है:-

क्र0 सं0	नाम	वर्तमान तैनाती	नई तैनाती	टिप्पणी
1.	श्री रमाकान्त बारिक	उडीसा भू-स्थानिक आंकडा केन्द्र, भुवनेश्वर ।	महासर्वेक्षक का कार्यालय, देहरादून ।	**पदोन्नति दि0 01.04.2018 से प्रभावी होगी ।**

2. उपरोक्त पदोन्नति दिनांक 01-04-2018 या इसके उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की वास्तविक तारीख से प्रभावी होगी । कार्य ग्रहण करने के प्रमाण पत्र फार्म 0.115 (लेखा) की दो प्रतियां इस कार्यालय को भेजने की कृपा करें । इन आदेशों को इस पत्र के जारी होने की तारीख से 1 माह के भीतर लागू किया जाए ।

3. पदोन्नति की तारीख अथवा पदोन्नति की अस्वीकृति की तारीख, जैसा भी मामला हो, इस कार्यालय को दिनांक **02-05-2018** तक अवश्य सूचित करें । उपरोक्त अधिकारी को यह स्पष्ट कर दिया जाए कि यदि वे पदोन्नति के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं तो उनकी अस्वीकृति की तारीख से उन्हें **एक वर्ष** की अवधि तक पदोन्नति का कोई प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा और उनकी वरिष्ठता समाप्त हो जाएगी ।

4. उपरोक्त अधिकारी उप भण्डार अधिकारी (ग्रुप 'ए') के पद पर नियमित पदोन्नति की तिथि से दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रहेंगे । इनके विषय में इस अवधि के कार्य तथा कार्य निष्पादन की मूल्यांकन रिपोर्ट गोपनीय अनुभाग (म0स0का0) को अवश्य भेजें ।

5. उपरोक्त अधिकारी की पदोन्नति पर नए वेतनमान में वेतन नियतन के लिए एफ0आर022(I)(ए)(1) के अधीन अपना विकल्प भी देना होगा ।

अमरदीप
अमरदीप सिंह, कर्नल
उप महासर्वेक्षक
कृते भारत के महासर्वेक्षक ।

<u>प्रतिलिपि:</u>

1. सचिव भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्यौगिकी मंत्रालय (विज्ञान और प्रौद्यौगिकी विभाग), नई दिल्ली (ध्यानाकर्षण: श्री बी0 एस0 भण्डारी, अवर सचिव (एस0एम0पी0) को उनके पत्र सं0एसएम/01/23/2017 दिनांक 04-01-2018 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।
2. अपर महासर्वेक्षक, पूर्वी क्षेत्र, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, कोलकाता को सूचनार्थ ।
3. केन्द्रीय वेतन एवं लेखा अधिकारी, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून ।
4. स्थापना एवं लेखा अधिकारी (प्रशासन), महासर्वेक्षक का कार्यालय, देहरादून ।
5. कार्यालय अधीक्षक, स्थापना-1 अनुभाग (म0स0का0) ।
6. वेब एडमिन को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।